## संपादकीय

# खुशियों की सौगात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में दलहन-तिलहन के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि से जहां दीवाली से पहले किसानों के चेहरों में खुशी लाने का प्रयास हुआ, वहीं बीएसएनएल के पुनरुत्थान की सार्थक पहल भी हुई। सही मायनो में यह फैसला लाखों बीएसएनएल कर्मचारियों के परिवार को त्योहार-सा सुख देने वाला है। दरअसल, निरंतर घाटे में चल रहे सार्वजनिक क्षेत्र की इस दूरसंचार कंपनी के भविष्य को लेकर तरह-तरह के कयास लगाये जा रहे थे। वहीं दिल्ली में हजारों अवैध बस्तियों को मालिकाना हक देने का भी फैसला हुआ जो सही मायने में इन लोगों के लिये दीवाली मनाने जैसा ही है। हालांकि, सरकार के इस फैसले को आगामी विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। आर्थिक मामलों की समिति ने बुधवार को हुई बैठक में जहां गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 85 रुपये की वृद्धि की, वहीं दलहनों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 325 रुपये की वृद्धि की गई है, जिसका मकसद किसानों को उपज का बेहतर मूल्य देना बताया जा रहा है। इसके साथ?ही सार्वजनिक क्षेत्र की संचार कंपनियों एमटीएनएल और बीएसएनएल के उद्धार के लिये दोनों कंपनियों का विलय करने का फैसला लिया गया। सरकार ने भारतीय संचार निगम लिमिटेड को पटरी पर लाने लिये 29 हजार 937 करोड़ के निवेश की घोषणा की है। कैबिनेट की बैठक में दोनों कंपनियों के विलय संबंधी फैसले को अंतिम रूप दिया गया। साथ ही सरकार ने तमाम कयासों पर विराम लगाते हुए कहा कि न तो बीएसएनएल का विनिवेश किया जायेगा और न ही किसी कंपनी को बेचा जायेगा। वित्तीय घाटे से ?उबरने के लिये स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना लायी जायेगी। साथ ही इन कंपनियों को फोर जी सेवा शुरू करने में मदद की जायेगी। इसके साथ ही सरकार कंपनी को मजबूती देने के लिये पंद्रह हजार करोड़ के बॉन्ड भी जारी करेगी।

केंद्र सरकार ने दीवाली से ?ठीक पहले दिल्ली की 1797 अवैध कॉलोनियों को नियमित करने की घोषणा की। इस फैसले को दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक तौर पर मास्टर स्ट्रोक की संज्ञा दी जा रही है। दरअसल, आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल इस क्षेत्र के लाखों वोटरों को लुभाने के लिये ऐसी मांग पर जोर देते रहे हैं। अब दोनों दल इस फैसले का श्रेय लेने की कोशिश में हैं। विडंबना यही है कि ये अवैध कॉलोनियां सरकारी जमीन, खेतिहर भूमि व ग्राम सभाओं की जमीन पर बनी हुई हैं। बताया जा रहा है कि इस फैसले का लाभ करीब चालीस लाख लोगों को होने वाला है। केंद्रीय आवास व शहरी मामलों के मंत्री के अनुसार सरकार इस बाबत संसद के शीतकालीन सत्र में एक विधेयक लायेगी। सरकार की दलील है कि इन क्षेत्रों में नागरिक सुविधाएं पहुंचाने के मकसद से यह फैसला लिया गया है।

# नवंबर में 8 दिन बंद रहेंगे बैंक

नई दिल्ली (आरएनएस)। अगर आपने अगले महीने बैंक से जुड़े काम कराने की प्लानिंग कर रखी है तो जरा ध्यान रखें कि नवंबर में 8 दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा। इसलिए पैसों से जुड़े सारे कामकाज जल्द निपटा लें। बता दें कि इन 8 छुट्टियों में अलग-अलग राज्यों में होने वाली छुट्टियों के साथ महीने का दूसरा और चौथा शनिवार भी शामिल हैं। इसलिए अगर बैंक से जुड़ा कोई भी काम है तो उसे समय पर पूरा कर लीजिए। आइए जानते हैं नवंबर महीने में कितने दिन और कब बैंक बंद रहेंगे...




नवंबर में पड़ने वाली इन 8 छुट्टियों में त्योहार के लिए होने वाली छुट्टियों के साथ ही महीने का दूसरा और चौथा शनिवार भी शामिल हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप अपना बैंक से जुड़ा कोई भी काम समय से कर लें। बैंकों की छुट्टियां अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग दिन पड़ रही हैं। नवंबर की शुरुआत यानी 1 नवंबर को बेंगलुरु और इम्फाल में कन्नाड राज्योत्सव के अवसर पर बैंकों का अवकाश रहेगा।

इसके बाद 2 नवंबर को पटना और रांची में छठ पूजा के कारण बैंक बंद रहेंगे। 8 नवंबर को शिलांग में वांग्ला फेस्टिवल के कारण वहां के स्थानीय बैंक बंद रहेंगे। 9 को महीने का दूसरा शनिवार है, इस कारण देशभर के बैंक बंद रहेंगे। इसके बाद 12 नवंबर को गुरु नानक जयंती के अवसर पर बैंकों में छुट्टियां रहेंगी। 15 नवंबर को बेंगलुरु, जम्मू और श्रीनगर में कनकदास जयंती और ईद-उल-मिलाद-उल-नबी के कारण बैंकों में कामकाज नहीं होगा। 23 नवंबर को महीने का चौथा शनिवार होने के कारण बैंक बंद हैं, इसलिए देशभर के बैंक बंद रहेंगे। आप बैंकों की छुट्टियों से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए आरबीआई की वेबसाइट पर छुट्टियों की लिस्ट देख सकते हैं।

# बीसीसीआई ने एसजी से 72 गुलाबी गेंदें मंगवाई, डे-नाइट टेस्ट में होगी इस्तेमाल

नई दिल्ली। बीसीसीआई ने एसजी से अगले सप्ताह 72 गुलाबी गेंदें मंगवाई है जो 22 नवंबर से ईडन गार्डस पर होने वाले डे-नाइट टेस्ट मैच में इस्तेमाल की जाएंगी। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने इसकी पुष्टि की है कि मंगलवार से होने वाले इस मैच में एसजी गुलाबी गेंदें इस्तेमाल की जाएंगी। दूधिया रोशनी में खेले जाने वाले टेस्ट के लिए फिट गेंदें देना बड़ी चुनौती है।

एसजी गुलाबी गेंद का अभी प्रतिस्पर्धी मैच में इस्तेमाल नहीं किया गया है। दलीप ट्रोफी कूकाबूरा गुलाबी गेंद से लगातार तीन सत्र खेली गई। इसके बाद बीसीसीआई ने पिछले साल लाल गेंद का रूख किया। कंपनी के विक्रय और विपणन निदेशक पारस आनंद ने कहा, 'बीसीसीआई ने छह दर्जन गुलाबी गेंद मंगवाई है जो हम अगले सप्ताह तक दे देंगे।




उन्होंने बताया, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में आपने देखा कि हमारी लाल एसजी गेंद में काफी सुधार आया है और हमने उतना ही रिसर्च गुलाबी गेंद पर भी किया है।' भारतीय कप्तान विराट कोहली ने स्वीकार किया कि गेंद में सुधार आया है, लेकिन कहा कि इसे कम से कम 60 ओवर तक चलना चाहिए। लाल गेंद की तुलना में गुलाबी गेंद पर काफी धूल बैठती है और यह जल्दी मैली हो जाती है जिससे इसे देख पाना मुश्किल हो सकता है।

## सात्विक-चिराग बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में फिर शीर्ष 10 में शामिल

नई दिल्ली। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने नवीनतम बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में एक बार फिर शीर्ष 10 में जगह बना ली है। पिछले हफ्ते फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बनाने के साथ बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 750 टूर्नामेंट के फाइनल में खेलने वाली पहली भारतीय जोड़ी बने सात्विक और चिराग दो स्थान के फायदे के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। थाईलैंड ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर टूर 500 प्रतियोगिता में एतिहासिक खिताबी जीत के बाद इस भारतीय जोड़ी ने अगस्त में पहली बार शीर्ष 10 में जगह बनाई थी। सात्विक और चिराग की युवा जोड़ी ने पिछले हफ्ते मोहम्मद अहसन और हेंद्रा सेतियावान की विश्व चैंपियन जोड़ी, किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन की दुनिया की आठवें नंबर की जोड़ी और हिरोयुकी एंडो और युता वतानाबे की दुनिया की छठे नंबर की जोड़ी को हराकर फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी।

## रेल टिकट बुकिंग और कैंसलेशन पर आईआरसीटीसी ने किया बदलाव

नईदिल्ली (आरएनएस)। अगर आप ट्रेन से यात्रा करते हैं तो यह खबर सिर्फ आपके लिए ही है। दरअसल, इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन ने ट्रेन टिकट की बुकिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए ओटीपी आधारित प्रणाली को शुरू किया है। आईआरसीटीसी की इस सुविधा के जरिए रेल यात्रियों को टिकट कैंसिल कराने और रिफंड पाने की सुविधा मिलेगी। हालांकि आईआरसीटीसी की ओर से जारी बयान के मुताबिक यह सुविधा सिर्फ अधिकृत एजेंट के जरिए बुक कराई गई टिकट पर ही मिलेगी।




यात्री के पंजीकृत मोबाइल नंबर (बुकिंग के समय ग्राहक/यात्री द्वारा एजेंट को दिया गया नंबर) पर एसएमएस के रूप में ओटीपी भेजा जाएगा। रिफंड की राशि पाने हेतु, ग्राहक/यात्री के लिए टिकट बुक करने वाले एजेंट के साथ ओटीपी साझा करना होगा। उपभोक्तानुकूल इस सुविधा से, यात्री रद्द किए गए टिकट अथवा फुली वेटलिस्टेड ड्रॉप्ड टिकट के लिए अपनी ओर से एजेंट द्वारा प्राप्त की गई धनराशि के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। रद्दीकरण रिफंड प्रक्रिया को सुसंगत बनाना इस योजना का उद्देश्य है, ताकि एजेंटों द्वारा रद्दीकरण धनराशि ग्राहक को समय पर मिल सके।

## कर्ज में डूबे टेलीकॉम सेक्टर को बड़ी राहत देने की तैयारी में सरकार

नईदिल्ली (आरएनएस)। आमदनी में कमी, कैश फ्लो में नरमी और 7 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के कर्ज से जूझ रहे टेलीकॉम सेक्टर को सरकार बड़ी राहत देने की तैयारी में है। केंद्रीय सचिवों की एक समिति जल्द ही इस क्षेत्र की परेशानियों व समस्याओं का जायजा लेगी। समिति इन समस्याओं का दूर करने की दिशा में काम करेगी ताकि वोडाफोन आइडिया और भारती एयरटेल जैसी कंपनियों के लिए राहत का इंतजाम किया जा सके। इन कंपनियों पर 80000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वैधानिक देनदारी है। अतिरिक्त देनदारी की स्थिति एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू के बारे में दूरसंचार विभाग के रुख को सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी मिलने के बाद बनी है।




सूत्रों का कहना है कि कैबिनेट सचिव राजीव गाबा की अध्यक्षता वाली सचिवों की समिति स्पेक्ट्रम पेमेंट से दो साल (वित्त वर्ष 2020 और वित्त वर्ष 2021 के लिए) की छूट देने जैसे कदमों पर विचार करेगी ताकि कंपनियों की कैश फ्लो सिचुएशन ठीक हो सके। इसके अलावा लाइसेंस फीस में शामिल यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड और स्पेक्ट्रम यूसेज चार्जेज में कमी करने पर भी विचार किया जा सकता है।

## फिल्म धूम-4 में अक्षय कुमार निभाएंगे लीड विलेन का किरदार?



हाउसफुल 4 के अभिनेता अक्षय कुमार के फैंस के लिए खुशखबरी है. अक्षय कुमार यशराज फिल्म्स की धूम फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म में लीड विलेन के रूप में नजर आएंगे. धूम-4 में मिस वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर की तरफ लीड फीमेल किरदार निभाए जाने का अनुमान लगाया जा रहा है.


रिपोर्ट के अनुसार फिल्म के करीबी सूत्रों ने कहा, 2.0 में अक्षय ने जिस तरह से विलेन की भूमिका निभाई है, इस तरह धूम 4 के लिए वह के लिए एकदम फिट होंगे. फिल्म के निर्माता और अक्षय कुमार के बीच बात-चीत चल रही है और इस बारे में इस साल के अंत तक घोषणा हो सकती हैं. खास बात यह है कि अभिषेक बच्चन और उदय चोपड़ा फिल्म के चौथे भाग में नहीं नजर आ सकते हैं, जबकि ब्यूटी क्वीन मानुषी छिल्लर फिल्म में मुख्य भूमिका निभा सकती हैं. हालांकि, अब यश राज फिल्म्स की तरफ से किसी तरह की पुष्टि नहीं की गई है. धूम सीरीज खास तौर पर अपने विलेन किरदार के लिए जानी जाती है. सीरीज की पहली फिल्म में विलेन के रूप में जॉन अब्राहम ने एक्टिंग की थी. धूम 2 में रितिक रोशन और आखिरी सीरीज धूम 3 में आमिर खान खान डबल रोल में नजर आए थे. अक्षय की आने वाली फिल्मों की बात करें तो गुड न्यूज़ (करीना कपूर खान, दिलजीत दोसांझ और कियारा आडवाणी), सूर्यवंशी (कैटरीना कैफ़ के साथ), लक्ष्मी बॉम (कियारा आडवाणी के साथ) और बच्चन पांडे शामिल हैं.

## द्रौपदी पर बेस्ड फिल्म की ऐक्ट्रेस और प्रड्यूसर होंगी दीपिका, लीड ऐक्टर के लिए खोज जारी

दीपिका पादुकोण जो कि फिल्म छपाक में ऐक्टिंग के साथ-साथ उसे प्रड्यूस भी कर रही हैं, अब दूसरी फिल्म भी प्रड्यूस करने को तैयार हैं। यह फिल्म महाभारत की द्रौपदी की जिंदगी पर आधारित होगी।


फिल्म को दीपिका के अलावा मधु मंटेना भी प्रड्यूस करेंगे। जहां ऐक्ट्रेस द्रौपदी की नजरों से कहानी को फिर से दर्शकों के बीच लाने को तैयार हैं तो वहीं वह इस प्रॉजेक्ट में लीडिंग ऐक्ट्रेस के तौर पर भी दिखने वाली हैं।

इस बीच फिल्म के लिए लीड ऐक्टर की तलाश की जा रही है। कहा जा रहा है कि फिल्म दो या तीन पार्ट में बनेगी। पहला पार्ट 2021 में रिलीज हो सकता है।



रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस रोल के बारे में पूछे जाने पर दीपिका ने कहा कि वह इस इंट्रेस्टिंग को निभाने को लेकर काफी उत्साहित हैं। ऐक्ट्रेस के मुताबिक, मैं द्रौपदी का किरदार निभाने को लेकर रोल रोमांचित हूं और सम्मानित भी महसूस कर रही हैं। मैं सच में मानती हूं कि यह एक लाइफटाइम रोल है। फिलहाल, मेकर्स कई ए लिस्ट फिल्ममेकर्स से प्रॉजेक्ट को लेकर बात करें।

## करिश्मा कपूर के गाने पर टाइगर श्रॉफ ने किया डांस



बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने करिश्मा कपूर के गाने पर डांस किया है। टाइगर श्रॉफ को उनकी शानदार डांसिंग स्किल्स के लिए जाना जाता है। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपने डांस वीडियो शेयर करते रहते हैं। टाइगर ने एक बार फिर अपना एक वीडियो साझा किया है जिसमें वह शानदार डांस करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में टाइगर फिल्म 'दिल तो पागल है' का पॉपुलर सॉन्ग 'ले गई' पर जबरदस्त डांस करते दिख रहे हैं। उन्होंने व्हाइट हुडी और मैचिंग कार्गो पैंट पहन रखा है। इस गाने की कोरियोग्राफी ओरिजिनल वर्जन से काफी अलग है। टाइगर श्रॉफ ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस वीडियो को शेयर किया है। उनका यह वीडियो दिशा पटानी को भी खूब पसंद आया और उन्होंने कमेंट में हग का इमोजी भेजा है।

## आज का राशिफल

मेषः- मेष राशि वाले आज काफी सक्रिय रहेंगे। कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी। दिन आनंद पूर्वक बीतेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से पूर्ण सहयोग मिलेगा। शुभ चिंतकों की सलाह पर ध्यान देना चाहिए।

वृषभः- सगे संबंधियों से मुलाकात हो सकती है। दिन उत्सव और आनंद में बीतेगा। शत्रुओं पर विजय कर पाएंगे। अधूरे कार्य संपन्न होंगे। कोई शुभ सूचना मन को प्रसन्न रखेगी।

मिथुनः- आज साहित्य एवं कला में आपकी रुचि रहेगी। लेखक और कलाकार को अपने क्षेत्र में कुछ अलग और बेहतर कर सकते हैं। मन में कल्पना की तरंगे उठेंगी। रोमांटिक मूड में रहेंगे।

कर्कः- मन अशांत रहेगा। आपकी मनः स्थिति नकारात्मकता की ओर प्रेरित करेगी। मन में उलटे-सीधे विचार आएंगे। परिवार में आपसी तालमेल और सहयोग का अभाव हो सकता है।

सिंहः- नींद अच्छी आएगी। मानसिक रूप से आज आप बहुत हल्कापन महसूस करेंगे। आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल हटने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी।

कन्याः- स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। आज रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। धन निवेश के लिए दिन लाभकारी है। स्वयं पर विश्वास रखकर ही आज कार्यों को क्रियान्वित करें।

तुलाः- आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। सुबह से ही आप सक्रिय रहेंगे और काम को समय पर पूरा कर लेंगे।

वृश्चिकः- स्वास्थ्य आज नरम रह सकता है। सुस्ती रहेगी खान-पान का ध्यान रखें। दूसरों के मामले में हस्तक्षेप से बचें क्योंकि आज किसी का भला करने के चक्क र में आप खुद परेशानी में आ सकते हैं।

धनुः- दिन विशेष लाभदायी है। निवेश, व्यापार, नौकरी, शिक्षा सभी क्षेत्रों में आज लाभ के संकेत हैं। सभी कार्य समय से पूरे होंगे। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी।

मकरः- आप आज हर काम सरलता से संपन्न कर पाएंगे। नौकरी में आपके उच्च अधिकारी खुश रहेंगे। कार्य की व्यस्तता रहेगी एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

कुंभः- भाग्य का साथ मिलेगा। पूर्वनिर्धारित कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। धार्मिक एवं मांगलिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। परिवार संग खान-पान का आयोजन हो सकता है। मित्रों और सहकर्मियों के सहयोग से मिलेगा।

मीनः- आज का दिन संयम और शांति से गुजारें। किसी नए काम को शुरू करने के लिए दिन उचित नहीं है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं।

## आमचूरी दम की भिंडी बनाने की विधि...



**सामग्री :**

200 ग्राम भिंडी,
2 टेबल स्पून कनोला तेल
1/2 टी स्पून जीरा
2 प्याज, कटा हुआ
2 हरी मिर्च, टुकड़ों में कटा हुआ
1 टेबल स्पून आमचूर
द टी स्पून हल्दी पाउडर
साबुत धनिया (क्रशड )
1 टी स्पून अदरक, बारीक कटा हुआ
1/2 कप दही
स्वादानुसार नमक

**विधि :**

-भिंडी को धोकर दोनों तरफ से किनारे काट लें और बीच में से कट लगाकर एक तरफ रख दें। -पैन में कनोला तेल को गर्म करें, इसमें जीरा डाले। इसके बाद प्याज, अदरक, हरी मिर्च, हल्दी और दही डालें और इसे लगातार चलाएं।

-इसमें आमचूर पाउडर और हरा धनिया डालें। इसे ठंडा होने दें।

-भिंडी को इस मसाले के साथ मिलाएं और या इडली स्टिमर में भी 8 से 10 मिनट के लिए स्टीम करें।

-इसे गर्मागर्म रोटी के साथ सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 29

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हर्षिदान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाली 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 28 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | ब | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

## सू-दोकू- 29

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 28 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |